# मुख्यमंत्री जी... सड़कों में गौवंश की समस्या को दूर करने गंभीर नहीं है जिले के जिम्मेदार

## शासन के निर्देश के बाद भी जिला प्रशासन सड़कों में दुर्घटना का शिकार हो रहे गौवंश और गौवंश से नष्ट हो रही फसलों की समस्या से जूझने को मजबूर किसान

नवभारत मुहिम नवभारत

**सीधी, 18 सितम्बर। मुख्यमंत्री जी... सड़कों में गौवंश की समस्या को दूर करने जिले के जिम्मेदार गंभीर नही हैं। शासन के निर्देश के बाद भी जिला प्रशासन सड़कों में दुर्घटना का शिकार हो रहे गौवंश और गौवंश से नष्ट हो रही फसलों की समस्या से किसान जूझने को मजबूर हैं।**

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल द्वारा प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को पत्र क्रमांक 19457, दिनांक 8 अगस्त 2017 को भेजकर नगरों में आवारा पशुओं के नियंत्रण के संबंध में विस्तृत निर्देश दिये गये थे। बाद में पत्र क्रमांक 20871, दिनांक 20 नवम्बर 2018 को भी पत्र जारी कर कार्रवाई के निर्देश दिये गये। वर्ष 2019, 2023 को भी विस्तार से निर्देश जारी किये गये। फिर भी सीधी जिले के जिम्मेदारों द्वारा कोई कार्रवाई धरातल पर करने की जरूरत नहीं समझी गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों में गौवंश की समस्या पर शासन द्वारा लगातार दिशा-निर्देश देने के बावजूद उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। नतीजन सड़कों पर गौवंश हैं और वह दुर्घटना के लगातार शिकार हो रहे हैं। गौवंशों की हालत सीधी जिले में काफी दयनीय है।

गौशालाओं का जहां संचालन हो रहा है उसके आसपास के भी आवारा गौवंशों को वहां भेजने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। लिहाजा आवारा गौवंश दिन में सड़कों को अपना सुरक्षित ठिकाना बनाये रहते हैं और शाम ढलने के बाद मौका देखकर ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में पहुंचकर फसलों को नष्ट करना शुरू कर देते हैं। आवारा गौवंशों की समस्या से किसान भी गंभीर रूप से जूझ रहे हैं। उनकी समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर आवारा गौंवशों की समस्या से प्रशासन कब निजात दिलायेगा।



सड़कों में गौवंश : जिम्मेदारों की अनदेखी से सड़क हादसे में फिर चार गौवंश की तड़प-तड़प कर गई जान

नवभारत मुहिम | सड़कों में गौवंश | के माध्यम से लगातार शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी नहीं की गई ठोस कार्यवाही के बाद हुआ गौवंश की मौत का दर्दनाक हादसा

जिम्मेदार दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई !

सड़क हादसे में गौवंश की दर्दनाक मौत के बाद जागेगा प्रशासन?

दर्दनाक सड़क हादसे में घायल बछड़े को देख सड़क कांप गई...

इनका कहना है

### सड़कों में गौवंश की मौतों के बाद भी नही जागा प्रशासन

जिले की सड़कों में गौवंशों की लगातार हो रही मौतों के बाद भी प्रशासन नहीं जाग रहा है। गौवंशों की हो रही फजीहतों के संबंध में लगातार मीडिया ध्यानाकर्षण करा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी इस पर कार्रवाई जल्द शुरू करने का आश्वासन तो दे रहे हैं लेकिन शुरूआत करने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं। प्रशासनिक उदासीनता के चलते गौवंश सड़कों को ही अपना सुरक्षित ठिकाना मानकर बैठते हैं लेकिन भारी वाहनों की चपेट में आकर घायल होने के साथ ही मौत के आगोश में भी समा रहे हैं। लोगों की समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर प्रशासन गौवंशों की जटिल समस्या पर कार्रवाई करने से क्यो कतरा रहा है।

### शासन के पत्राचार के बाद भी नही उठाये जा रहे ठोस कदम

शासन द्वारा आवारा गौवंशों को लेकर लगातार पत्राचार किये जा रहे हैं। नगरीय निकायों के साथ ही जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के पास ही शासन के पत्र और निर्देश पहुंच रहे हैं। फिर भी धरातल पर आवारा गौवंशों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये कोई कार्रवाई करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। जिले के गौवंश प्रेमी भी तत्संबंध में प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उसको भी नजरअंदाज करने का सिलसिला कायम है। शासन के पत्राचार के भी सीधी जिले में आवारा गौवंशों के संरक्षण के लिये कोई ठोस कदम ना उठाये जाने से स्पष्ट है कि जिम्मेदार अधिकारी इसको बेगारी का काम मानते हैं।

### इनका कहना है



मैं मुख्यमंत्री को इसके लिये बधाई दूंगी कि उनके द्वारा एक योजना निकाल कर जिन लोगों के पास व्यवस्था है वह 1-2 गौवंश को अपने यहां रखें और इसमें भरण पोषण के लिये शासन की ओर से हर महीने राशि मिलेगी। आवारा गौवंशों की समस्या बिना सामाजिक सहयोग के दूर नहीं हो सकती। प्रशासनिक स्तर पर कार्य शुरू हो इसके लिये मैं जल्द जिला प्रशासन को पत्र लिखूंगी। हाल ही में गौ अभ्यारण्य के लिये कुछ भूमि चिन्हित हुई है जिस पर फेन्सिग का कार्य किया जा रहा है। वहीं गौशालाओं में भी गौवंशों को रखा जाय, इसके लिये भी वह पहल करेंगी।

**श्रीमती रीती पाठक**, विधायक सीधी

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर रोपे 75 फलदार पौधे

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 75 फलदार पौधे नौगवां धीरसिंह में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में रोपे गए।**



पौधों के रोपण के पूर्व अतिथियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी, दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष शिवदान साकेत, जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, भानु पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय सिंह चौहान, मनोज सिंह परिहार सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# खड़ौरा क्र.-1 में पोषण आहार कार्यशाला आयोजित




नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। ग्राम पंचायत खड़ौरा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी सीधी उप शाखा मझौली के द्वारा शाही पोषण, स्वस्थ जीवन पर कार्यशाला संपन्न हुआ।**

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत खड़ौरा सरपंच विक्रम प्रवेश शुक्ला, राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला शिक्षक एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य प्रवेश कुमार गुप्ता, शुभम गुप्ता, अजय कुमार दहिया, विनय कोल शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ.प्रवेश गुप्ता द्वारा पोषण संबंधित जानकारी दी गई।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर भदौरा में चला स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज

**कुसमी 18 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कुसमी मंडल के भदौरा गांव के ग्राम पंचायत परिसर, आंगनबाड़ी परिसर, आयुर्वेद औषधालय एवं पशु चिकित्सालय में फलदार पौधे रोप गए एवं साफ-सफाई किया गया तथा स्वच्छता के प्रति शपथ ली गई।**



यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा नेता रमेश पनाड़िया की उपस्थिती मे सम्पन्न हुआ। पौधरोपण के पूर्व सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वीए दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता इन्द्रप्रकाश गुप्ता, शेषमणि मिश्रा, राजकुमार तिवारी, रामभरत मिश्रा, जितेन्द्र कुशवाहा, राजकुमार साकेत, हर प्रसाद साहू, संजीव गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हिन्दी पर्व 2025-26 का आयोजन टाटा कॉलेज में, विद्यार्थियों में जागा भाषा एवं संस्कृति के प्रति उत्साह

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। टाटा कॉलेज जमोडी खुर्द सीधी के कला एवं समाज कार्य विभाग द्वारा नवीन शिक्षा नीति-2020 के तहत उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के दिशा-निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2025 को स्वामी विवेकानंद सभागार में हिन्दी पर्व 2025-26 का सफल आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.एस.बी.सिंह, सेवानिवृत्त प्राचार्य कन्या महाविद्यालय सीधी रहे। उन्होंने अपने प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक उद्बोधन से विद्यार्थियों को हिन्दी भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया। मुख्य प्रवक्ता डॉ.रामलला शर्मा, डॉ.शिवशंकर मिश्र सरस, डॉ.पी.एन.सिंह चौहान, अतुल उपाध्याय कवि और अमित कुमार प्रबंधक यूनियन बैंक सीधी ने अपने व्याख्यानों से विद्यार्थियों में साहित्यिक चेतना और नये उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता टाटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस के प्रबंध निदेशक इंजी.आर.बी.सिंह ने की। उन्होंने विद्यार्थियों से हिन्दी को गौरव पूर्ण और वैश्विक पहचान दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित होने का आह्वान किया। आयोजन में संरक्षकगण डॉ.अतुल द्विवेदी, डॉ.राजेश वर्मा, डॉ.राजभान सिंह, राघवेन्द्र द्विवेदी, डॉ.देवेन्द्र सिंह, सौरभ सिंह, वी.एल.सिंह सहित समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। आयोजक मंडल का नेतृत्व विभागाध्यक्ष शिवप्रसाद विश्वकर्मा ने किया। कुशल संचालन तथा सभी कर्मचारियों के सहयोग से यह आयोजन अत्यंत सफल बन सका। कार्यक्रम में छात्रों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया। अंत में कला एवं समाज कार्य विभाग ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# महाराजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह व भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं का हुआ अनावरण

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। सिहावल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम समरदह में अमर शहीद महाराजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं का अनावरण आज गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम मुख्य अतिथि और सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे।**



कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने फीता काटकर एवं प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद कर्मा नृत्य और स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि महाराजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह और भगवान बिरसा मुंडा ने भारत की स्वतंत्रता की अलख जगाई और मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हुई है। यह वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने प्रतिमा स्थल पर शेड निर्माण एवं फेंसिंग के लिए दो लाख रुपये की स्वीकृति की घोषणा की। मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि समरदह की धरती धन्य हुई है जहां एक साथ तीन बलिदानियों की प्रतिमाओं का अनावरण हुआ। शहीदों ने देश की आन-बान-शान के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार देश को विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इस मौके पर एसडीएम प्रिया पाठक, पुष्पेन्द्र पाण्डेय, राजमणि साहू, गेंदलाल सिंह, जगदीश सिंह, जगजीवन सिंह नेटी, दिलदार सिंह, पुनीत पाण्डेय, अशोक शुक्ला, राजकुमार नेटी, श्यामलाल यादव, दिलीप सोनी, नीरज सिंह चंदेल, विश्नु प्रधान, चन्द्रभान सिंह, सम्पूर्ण सिंह, रितेश गुप्ता, संजय सिंह चौहान, संतोष साहू, इन्द्र भान सिंह, पुष्पराज सिंह, राजेश गुप्ता, दिवाकर द्विवेदी, कौशतुब सिंह, मनीष साहू सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## एक नजर में

### सांदीपनि सीधी में शिक्षक-अभिभावक संवाद आयोजित




**सीधी।** सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में शिक्षक-अभिभावक संवाद आयोजित किया गया। प्राचार्य आरती पाण्डेय ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित कर संवाद किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कक्षा 9 से 12 तक पढ़ने वाले सभी बच्चों के अभिभावकों के साथ चर्चा करना, जिसमें स्कूल में विद्यार्थियों की प्रगति पर चर्चा की गई और शैक्षणिक या व्यवहार संबंधी समस्याओं का समाधान ढूंढा गया है। छात्रों की व्यक्तिगत विषयों में विशिष्ट शक्तियों और कमजोरियों पर ध्यान केन्द्रित करने एवं त्रैमासिक परीक्षा परिणाम के बारे में चर्चा हुई। सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही।

### सीएम से विश्वविद्यालय स्थापना का अनुरोध

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव का शुक्रवार 19 सितम्बर को सीधी के बहरी आगमन पर विश्वविद्यालय स्थापना की बात को लेकर छात्र प्रतिनिधि मंडल मांग पत्र सौंपेगा। ज्ञात हो कि सीधी जिले में विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर जिले के छात्र-छात्राओं के द्वारा लगातार पिछले 5-6 वर्षों से इस पवित्र कार्य हेतु जनप्रतिनिधियों से मिल रहे हैं। छात्रों ने मीडिया के माध्यम से भी सीधी जिले में विश्वविद्यालय स्थापना हेतु मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है। उक्त सूचना छात्र इंद्रलाल ने दी है।

### भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

**सीधी।** जिले में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर बताया कि पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा 18 सितम्बर 2025 को भेजे गए प्रतिवेदन के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री का 19 सितम्बर 2025 को तहसील बहरी अंतर्गत ग्राम बहरी में कार्यक्रम प्रस्तावित है। आदेशानुसार सीधी से बहरी जाने वाले, सिंगरौली से बहरी की ओर आने वाले तथा जोगदहा पुल अमिलिया से बहरी की ओर आने वाले सभी भारी वाहन (लोडेड एवं अनलोडेड) प्रतिबंधित रहेंगे। यह रोक 19 सितम्बर की सुबह 9 बजे से लेकर कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। यह प्रतिबंध मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-115 तथा मध्यप्रदेश मोटरयान नियम, 1994 के नियम 215 के तहत लागू किया गया है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित समय में प्रतिबंधित मार्गों पर भारी वाहन न चलाएं और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# मुख्यमंत्री आज आएंगे बहरी, देंगे विकास कार्यों की सौगात

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में स्वच्छता ही सेवा स्वच्छोत्सव तथा नगरीय विकास एवं आवास विभाग के हितग्राहियों का प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम 19 सितम्बर को सीधी जिले के ग्राम बहरी में आयोजित किया जाएगा।**



इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15655.63 लाख रूपये लागत के 797 विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री 3220.74 लाख रूपये लागत के 169 कार्यों का लोकार्पण तथा 11084.89 लाख रूपये लागत के 28 कार्यों का शिलान्यास करेंगे। साथ ही 1350 लाख रूपये लागत के 600 एक बगिया मां के नाम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल करेंगे। कार्यक्रम में सांसद डॉ..राजेश मिश्रा, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, विधायक चुरहट अजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू रामजी सिंह, पूर्व विधायक चुरहट शरदेन्दु तिवारी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा में कलेक्टर ने किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा के तहत संजय गांधी कॉलेज स्थित निर्माणाधीन पार्क में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने वूमेन फॉर ट्री अभियान की सदस्यों के साथ सप्तपर्णी पौधे का पौधरोपण किया।**



इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमवंशी ने प्रेरणादायी संदेश देते हुए कहा कि पेड़-पौधे केवल हरियाली ही नहीं लाते बल्कि जीवन का आधार हैं। पौधारोपण केवल वृक्ष लगाने का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, शुद्ध जल और संतुलित पर्यावरण का बीज बोना है। अभियान के दौरान नीम, अशोक, आंवला, पीपल, एरिका पाम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का पौधरोपण नगर पालिका के कर्मचारियों एवं स्वच्छता कर्मियों की सक्रिय भागीदारी से किया गया। कार्यक्रम में सीएमओ सीधी श्रीमती मिनी अग्रवाल, उपयंत्री बी.के. तिवारी, गौरव सिंह, संदीप मिश्रा, मनोज चौबे, दिलीप विश्वकर्मा, निर्भय सिंह सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वच्छता कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रभक्ति की पराकाष्ठा में तपे हुए एक सच्चे भारत माता के सपूत हैं नरेन्द्र मोदी : डॉ .राजेश

## भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में नमो प्रदर्शनी का हुआ भव्य उद्घाटन

नवभारत न्यूज

**सीधी 18 सितम्बर। भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से लेकर गांधी और शास्त्री जयंती 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे पखवाड़े अंतर्गत आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आधारित स्वर्णिम भारत की नमो तस्वीर का शुभारंभ पार्टी कार्यालय में लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई।**




प्रदर्शनी उद्घाटन के पूर्व लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोदी जी केवल मानव ही नहीं बल्कि महा मानव है। भारत माता के सच्चे सपूत और राष्ट्रभक्ति की पराकाष्ठा में तपे हुए एक सच्चे भारत माता के सपूत हैं। नमो प्रदर्शनी में एक चाय वाले के पुत्र नरेन्द्र से लेकर स्वर्णिम भारत की तस्वीर बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झलकियां प्रदर्शित की गई है। जिससे पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के साथ-साथ करोड़ों भारतीयों को नई ऊर्जा और उत्साह मिलेगी।

अध्यक्षीय उद्बोधन मे भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी और दीर्घायु होने की कामना के साथ कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत का संकल्प में हम सभी सहभागी बने। अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के संदर्भ में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि टैरिफ का जवाब केवल और केवल प्रधानमंत्री की संकल्पना स्वदेशी की अवधारणा और स्वदेशी पर गर्व के साथ-साथ स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग में ही निहित है। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष मऊगंज जिला संगठन प्रभारी केके तिवारी, मोतीलाल पटेल, शिवदान साकेत ने भी विचार रखे।

### कार्यक्रम में इनकी भी रही उपस्थिति

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुन्नू, डॉ .देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष ऊषा गोपाल पटेल, शिवदान साकेत, मनीला सिंह चौहान, अखिलेश पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, अंजू पाठक, संदीप द्विवेदी, विनोद साकेत, भानु पाण्डेय, चन्द्रपाल सिंह उइके, लोरिक प्रसाद यादव, पूजा सिंह कुशराम, उमाशंकर यादव, अनीता चौरसिया, सुरेन्द्रमणि दुबे, अमित प्रधान, निशांत मिश्रा, पूनम सोनी, पन्नू खान, मण्डल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, मुनिराज विश्वकर्मा, मो .कलाम, कंचन केसरी, विभा शर्मा, शुभा देवी, मुन्नालाल चौधरी, प्रदीप शुक्ला, निशा सिंह चौहान, रानू साकेत, पूजा तिवारी, राजीव कुमार शर्मा, जितेन्द्र गुप्ता, जय सिंह चौहान, संगीता सिंह चौहान, हीरालाल कोरी, बालेन्द्र कुशवाहा, ललन सिंह, जगदंबा सोनी, धर्मेन्द्र सोनी, अनु पाण्डेय, विक्रमादित्य मिश्रा, श्रवण सिंह, हरिकेश साकेत, महिमा तिवारी, पूजा तिवारी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।